क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

सत्यमेव जयते

क्षेत्रीय कार्यालय-बिहार, पंचदीप भवन,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना-800001
Tel: 0612-25211928, Fax: 0612-2533314
E-mail: rd-bihar@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in / www.esic.in

प्रेस विज्ञप्ति

कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा आश्रित हितलाभ का भुगतान

पटना, दिनांक : 19/12/2023

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पंचदीप भवन, बेली रोड, पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में एक सादे समारोह में मे0 दीपक कुमार सिन्हा, पटना में कार्यरत संजय कुमार की मृत्यु के उपरांत उनकी आश्रिता पत्नी श्रीमती अंजु देवी को कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, संजय कुमार द्वारा आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी|

संजय कुमार की मृत्यु कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी| वे परिवार में अकेले कमानेवाले थे| नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जाँच की गयी तथा ई०एस०आई०सी० द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया क्योंकि उनकी मृत्यु कार्य के दौरान घटित दुर्घटना में हुई थी|

उल्लेखनीय है कि कार्यस्थल पर कार्य के दौरान या कार्यस्थल जाने या वहां से घर जाने के दौरान किसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना या दुर्घटना में ई०एस०आई० सी० में बीमित कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई० एस० आई० योजना में वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है|

क्षेत्रीय निदेशक